दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित **'B++'** श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 28.03.2026

प्रकाशनार्थ

गोरखपुर, 28 मार्च 2026। स्काउट–गाइड शिविर के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह व अन्य मंचासीन अतिथि, भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय, लखनऊ के निर्देशन में दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग में आयोजित पांच दिवसीय स्काउट–गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को दीक्षा संस्कार और कैंप फायर के साथ हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद प्रशिक्षु छात्राध्यापिकाओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि स्काउट–गाइड प्रशिक्षण व्यक्ति में अनुशासन, सामूहिकता और टीम भावना विकसित करता है तथा कठिन परिस्थितियों को सहज बनाने की सीख देता है।

प्रो. शुभ्रा श्रीवास्तव ने कहा कि यह प्रशिक्षण सीमित संसाधनों में कार्य करना सिखाकर छात्रों को व्यावहारिक बनाता है। वहीं शिविर संचालक अजय गुप्ता बजरंगी ने नेतृत्व एवं समन्वय की भावना विकसित करने में इस की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। शिविर के दौरान प्रशिक्षुओं को स्काउट–गाइड की प्रतिज्ञा दिलाई गई और दीक्षा संस्कार के तहत स्कार्फ व बैच पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों ने टेंट निर्माण, मिट्टी के चूल्हे तथा सामूहिक भोजन की प्रस्तुति दी। कैंप फायर में पुलवामा कांड पर आधारित लघु नाटक ने सभी को भावुक कर दिया।

डॉ. शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी